संक्षिप्त

व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन

चिड़ावा। चिड़ावा व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन महेश कुमार मालानी की अध्यक्षता में किया गया। व्यापार मंडल में ओमप्रकाश मोदी और रघुवीर बाछुका को संरक्षक नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में अशोक मालानी, पुरुषोत्तम भुकानिया, नरोत्तम भीमराजका और अशोक मोदी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। राजेश कुमार मोदी झुंझुनूंवाला को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। संगठन में राजन सहल को संगठन एवं सांस्कृतिक मंत्री नियुक्त किया गया है। अनूप बाछुका और विशाल हलवाई को मंत्री बनाया गया है। अनिल चनानिया कोषाध्यक्ष होंगे। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कमल वर्मा, मोतीलाल हिम्मतरामका, सुभाष मालानी, विकास केडिया, महेंद्र मोदी, मनोज फतेहपुरिया, प्रदीप सर्राफ, दीपेंद्र सैनी, संतोष गोलवेवाला, महेश कुमार मोदी, सदीक लीलगर, संजय अग्रवाल बड़ाऊवाला, मनोज गाडाखेड़ावाला, पुष्कर बजाज, अनूप केडिया बंटी और रामसिंह लूनियां शामिल है। अध्यक्ष महेश मालानी ने सभी सदस्यों को व्यापारियों के हित में काम करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सभी का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। व्यापारियों को उम्मीद है कि नई कार्यकारिणी उनके हितों की रक्षा करेगी और व्यापारिक समस्याओं का समाधान करेगी।

जेंडर समानता आधारित प्रशिक्षण आयोजित

चूरू। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में सोमवार को जेंडर समानता आधारित प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य डॉ. गोविन्द सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुये राठौड़ ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य बिना किसी भेदभाव के सभी को सम्मान मानकर सर्वांगीण विकास करना है। डीआरयू प्रभाग अध्यक्ष प्रसन्ना मीणा ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। आई.एफ.आई.सी प्रभाग अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी शेखावत ने जेंडर की अवधारणा की विस्तृत जानकारी दी। संदर्भ व्यक्ति सचिन ढ़ांडा एवं रणवीर सिंह राठौड़ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तत्वाधान में जेंडर समानता पर विस्तृत जानकारी दी।

मुक्ति धाम प्रवेश द्वार का किया उद्घाटन

बीदासर । मुक्ति धाम दड़ीबा में स्वर्गीय जड़ाव देवी एवं चुन्नी लाल भोभरिया की स्मृति में उनके सुपुत्र स्वर्गीय पोकर राम, दानाराम, कुम्भाराम, रामचंद्राराम व अमराराम भोभरिया के सौजन्य से लगभग 6 लाख 61 हजार रूपये की लागत से बने मुक्ति धाम प्रवेश द्वार का उद्घाटन सोमवार को मंहत मदनदास खाखीजी, संत मनसागीरी महाराज, संत मूलनाथ महाराज, पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया ने विधिवत फिता काट कर लोकापर्ण किया। लोकापर्ण से पहले पंडित सुशील शर्मा ने मंत्रोच्चार किया। लोकापर्ण समारोह में पूर्व पालिका अध्यक्ष हुकमीचंद गुसाईवाल, किशन लाल भोभरिया, गौशाला अध्यक्ष राज कुमार राठी, डुंगरमल शर्मा, नथमल भोभरिया, व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश भोभरिया, मुक्ति धाम समिति के अध्यक्ष नानूराम दर्जी, पार्षद बाबूलाल करड़वाल, मांगीलाल छापौला, नंदलाल छापौला, भंवर सिंह राठौड़, अशोक शर्मा, पवन कुमार पारीक, भंवर लाल मारोठिया, श्रीराम छापौला, ओम प्रकाश छापौला, मनमोहन शर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

8 किलो पॉलीथिन थैलियाँ जब्त की

तारानगर। तारानगर नगरपालिका द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए 8 किलो पोलिथीन की थैलियां जब्त की है। लोगों को पॉलिथीन की थैलियों का उपयोग नहीं करने के लिए भी जागरूक किया। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया की कस्बे मे सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें आमजन को प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया जा रहा हैं। इसकी रोकथाम के लिए गठित की गई टीम ने सोमवार को कस्बे की विभिन्न दुकानों पॉलिथीन कैरी बैग जब्त की गयी एवं दुकानदारों को चेतावनी दी गई। कि अब उनके पास पॉलिथीन की थैलियां पाई जाने पर उनका चालानी कार्यवाही की जाएगी। अभियान के दौरान पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिशूल सिंह भाटी, गोपाल राम, संदीप, सुशील, आयुष वर्मा, मनोज कुमार, सहित सफाई कर्मचारियों द्वारा कार्यवाही की गई

पं. श्रीराम वाजपेयी जयंती पर स्काउट्स ने किया पौधारोपण

- राष्ट्रभक्त नागरिक तैयार करता है स्काउट - जयदीप
- स्काउट गाइड ने लगाए जिले में 30 हजार से अधिक पौधे

झुंझुनूं। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में राज्य सरकार के हरियालो राजस्थान एवं भारत स्काउट गाइड के संस्थापक सदस्य पं. श्रीराम बाजपेयी जयंती अवसर पर संपूर्ण राजस्थान प्रदेश में एक साथ 11 बजे पौधारोपण किया गया।

इसी कड़ी में झुंझुनूं जिले के सभी इको क्लब, विद्यालयों एवं स्काउट गाइड गतिविधि संचालित विद्यालय महाविद्यालय, स्थानीय संघों में पौधारोपण कर एक दिन में ही 30 हजार 680 पौधे लगाए गए। पौधारोपण कार्यक्रम अलसीसर में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह खीचड़, एसीबीईओ सुनिता यादव, चिड़ावा में सीबीईओ डॉ. उमादत्त झाझड़िया, उदयपुरवाटी, गुढ़ागौड़जी, नवलगढ़ में जिलाध्यक्ष स्काउट गंगाधर सिंह सुंडा एवं सीबीईओ आत्माराम के आतिथ्य में पौधारोपण किया गया तथा मंडावा, खेतड़ी, सूरजगढ़, पिलानी ब्लॉक मुख्यालय पर स्काउट गाइड सचिव एवं प्रभारी कमिश्नर के नेतृत्व में तथा ग्रुप स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र में सरपंच ग्राम पंचायत पंच सहित अनेक जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि पौधारोपण की इसी कड़ी में स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनू पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त जयदीप झाझड़िया के नेतृत्व में स्काउट गाइड्स कार्यालय में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जयदीप झाझड़िया ने कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से सही मायने में राष्ट्र के लिए सुयोग्य नागरिक तैयार किया जा रहे हैं। जो कि जरूरत पड़ने पर हर किसी की सहायता के लिए समाज में अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते हैं। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पौधारोपण के लिए राजस्थान प्रदेश में स्काउट गाइड द्वारा चलाया गया। अभियान अपने आप में अनूठा है। इसके माध्यम से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा। बल्कि भावी पीढ़ी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। इस दौरान मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित सभी स्काउट गाइड्स रोवर्स रेंजर्स एवं यूनिट लीटर पदाधिकारी से आ ान किया कि झुंझुनूं जिले में पर्यावरण संरक्षण के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं। इसके लिए शिक्षा विभाग एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं अनवरत रूप से कार्य कर रहे हैं। इस दौरान सीओ गाइड सुभिता महला, एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर प्रहलादराय जांगिड़, सेवानिवृत्ति एएसओसी मान महेंद्र सिंह भाटी, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर अनिता कटेवा, रामदेवसिंह गढ़वाल, शिवप्रसाद वर्मा, विजय गर्वा एवं स्काउट मास्टर इंद्रराजसिंह, जयपाल रौनक वर्मा, दिनेश कुमार, विक्रम सिंह, अमरचंद, सुरेंद्र किरोड़ीवाल सहित सैंकड़ों स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर उपस्थित रहे।

भारत स्काउट गाइड के संस्थापक सदस्य पं. श्रीराम बाजपेयी जयंती अवसर पर संपूर्ण राजस्थान प्रदेश में एक साथ 11 बजे पौधारोपण किया।

भाजपा नेता जांगिड़ ने स्टाफ से की चर्चा

तारानगर । तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ एवं गोयल परिवार की मौजूदगी में विधिवत पूजा-अर्चना की गयी एवं 25 अगस्त को उप मुख्यमंत्री (उच्च शिक्षा मंत्री) डॉ. प्रेमचंद बैरवा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ की मौजूदगी में होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने महाविद्यालय स्टाफ से चर्चा की।

भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि भामाशाह ताराचंद गोयल द्वारा मां जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में करीब 3 करोड़ की लागत से बनाए गए शानदार 7 कक्षा-कक्षों के लिए धन्यवाद अर्पित करने हेतु शब्द अपर्याप्त है। हमारा सौभाग्य है कि गोयल का विशेषकर शिक्षा जगत में भरपूर सहयोग मिल रहा है जहां भामाशाहों के माध्यम से शैक्षिक क्षेत्र में विकास का नाम आता है तो वहां गोयल का नाम सर्वोपरि होता है।जांगिड़ ने 25 अगस्त को लोकार्पण कार्यक्रम एंव मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर तैयारियों की जानकारी ली।

सिंधु का पानी राजस्थान की धरा पर आने वाला है : शिवराज सिंह चौहान

- पं. नेहरू ने देश के साथ बेईमानी की, पाकिस्तान को 80 प्रतिशत पानी भी दिया और पैसा भी दिया

झुंझुनूं। एक दिन के दौरे पर आए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राजस्थान में पानी ही पानी आने वाला है। सिंधु समझौता रद्द होने के बाद सिंधु का पानी राजस्थान को मिलेगा। जिससे राजस्थान के किसानों के खेतों में फसले लहलहलाएगी। उन्होंने राहुल गांधी से भी नौटंकी और नाटक बंद करने को कहा और बताया कि पहले ईवीएम का रोना रोते थे। अब वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की बात करके लोकतंत्र और देश का मजाक बना रहे है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान को एक और नया सपना दिखाया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान से सिंधु समझौता रद्द करने के बाद सिंधु का पानी राजस्थान को मिलेगा। उन्होंने झुंझुनूं में कहा कि राजस्थान में पानी ही पानी आने वाला है। एक तरफ यमुना का पानी, दूसरे तरफ चंबल का पानी। उन्होंने कहा कि सिंधु का पानी भी राजस्थान की धरा पर आएगा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और पंडित नेहरू ने देश के साथ बेईमानी की। सिंधु, झेलम और चिनाब का 80 प्रतिशत पानी भी पाकिस्तान को दिया।

पाकिस्तान में नहरे बनी। इसके कारण आतंकवादियों का भारत में आना आसान हुआ। पहलगाम घटना भी उसी गलती के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कह दिया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा। इसलिए अब सिंधु समझौता रद्द हो गया है। जिसका फायदा राजस्थान का होगा। राहुल गांधी को शर्म करनी चाहिए इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी और इंडी गठबंधन को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन राष्ट्रिवरोधी ताकतों के दबाव में भारत को ना केवल देश में, बल्कि विदेशों में बदनाम कर रहे है। गालियां दे रहे है। इन्होंने लोकतंत्र, सेना, राष्ट्रपति, सभी को अपमानित करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि पहले ईवीएम में गड़बड़ी की बात करते थे। जब चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा और सुप्रीम कोर्ट की फटकार लगी तो गायब हो गए। अब बोल रहे है कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी है। तो राहुल गांधी बताए कि कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल, बंगाल में वोटर लिस्ट की गड़बड़ी से सरकारें बनी है। या फिर ये बताएं कि खुद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, ओवेसी भी वोटर लिस्ट की गड़बड़ी से चुनाव जीते है क्या। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन इसी ताक में रहते है कि भारतीय सेना के विमान गिरे। ताकि वे प्रधानमंत्री मोदी को बदनाम कर सके।

परिषद शहीदों का सम्मान के लिए जाएगी शहीदों के घर

झुंझुनूं। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झुंझुनूं, सीकर व चुरू की समन्वय बैठक वीर झुंझार सिंह पार्क में जयपुर प्रांत अध्यक्ष एयर कोमोडोर चंद्रमौलि विशिष्ट सेवा मैडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परिषद संयोजक एवं राजस्थान गौरव सैनानी शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष राजवीर चनाना ने परिषद की कार्यशैली व दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष कैप्टन धर्मपाल भांबू ने पिछले एक साल में परिषद के द्वारा झुंझुनूं इकाई के द्वारा किए गए कार्यों को प्रस्तुत किया। चिड़ावा इकाई के अध्यक्ष रामकिशन डारा ने परिषद द्वारा नवाचारों पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष चंद्रमौली ने बधाई देते हुए कहा कि परिषद का मुख्य ध्येय निस्वार्थ भाव से सेवा करना और आने वाले शहादत दिवसों को उत्सवों के रूप में मनाने की अपील की।

सार-समाचार

कार्यशाला आयोजित

रतनगढ। भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मंडल द्वारा आगामी 14 अगस्त को विभाजन विभीषीका दिवस मनाने व स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा रैली आयोजित करने की तैयारी को लेकर धनवंतरी नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला रखी गई ।कार्यशाला की अध्यक्षता शहर मंडल अध्यक्ष महेश सैनी ने की। सैनी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आजादी के अमृत काल के इस दौर में हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से देशभक्ति के विचार को जन जन तक पहुंचाना है , और स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाली तिरंगा रैली को भव्य बनाना है। जिला प्रवक्ता ओम महर्षि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव राष्ट्र प्रथम के भाव को सर्वोच्च मानकर कार्य करती है इसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का हर वर्ग राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है। इसी क्रम में विधानसभा संयोजक अर्जुन सिंह फ्रांसा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विभाजन की त्रासदी को जब भी स्मरण करते हैं आंखें नम हो जाती है किस प्रकार अकारण लाखों लोगों की बलि दी गई जो की पूर्णतया गलत था भारतीय जनता पार्टी त्रासदी पीड़ित परिवारों का सम्मान कर विभाजन विभीषिका दिवस मनाने जा रही है जो की अनूठी पहल है। कार्यशाला को सलीम खान, हनीफ खत्री, सुनील कम्मा, महेंद्र उपाध्याय,सुरेश घारू,अरुण पचलंगिया और विकास सारस्वत ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल कार्यकारिणी के दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।संचालन मंडल महामंत्री दीपक मुरारका ने किया।

लोहिया महाविद्यालय में समारोह पूर्वक मनाया संस्कृत दिवस

चूरू। लोहिया महाविद्यालय में सोमवार को संस्कृत दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. मंजू शर्मा ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. एस. डी. सोनी थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. अरविंद शर्मा थे। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. एस.डी. सोनी ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी और 'राजमाता' है। भाषा का सरलीकरण होना चाहिए ताकि यह सभी तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि विद्वानों की भाषा आमजन की भाषा से भिन्न है, परंतु वेद का संदेश प्रत्येक व्यक्ति विज्ञान और संस्कृत से जुड़ा है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. मंजू शर्मा ने कहा कि हिंदी फिल्मों के नाम भी अब संस्कृत में रखे जाने लगे हैं। हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत तीनों भाषाओं का सामंजस्य ज्ञान की परंपरा को सुदृढ़ करता है। उन्होंने संस्कृत को हमारे संस्कारों का अभिन्न अंग बताया। संस्कृत दिवस का महत्व बताते हुए प्रो. डॉ. मूलचंद ने कहा कि यह दिन ऋषि-मुनियों, गुरु-शिष्य परंपरा और विद्यारंभ संस्कार को स्मरण करने का अवसर है। प्राचीन काल में इस दिन से विविध संस्कार प्रारंभ होते थे। इस अवसर पर प्रो. डॉ. दिनेश कुमार चारण व प्रो. सरोज हारित ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. उम्मेद सिंह गोठवाल ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अंजू ओझा, डॉ. संजू झाझरिया, डॉ. बारूपाल, डॉ. विनोद कुमार, लालचंद, पुष्पेंद्र कुमार सहित महाविद्यालय सदस्य, संस्कृत विभाग के विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रो. मूलचंद ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

प्रतिभावान विद्यार्थी एवं शिक्षक सम्मान समारोह आज जाखल में

कोलसिया। नवलगढ़ ब्लॉक के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह मंगलवारको सेठ शिवबक्स राय सौंथलिया राउमावि जाखल में सुबह 9:15 बजे होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवलगढ़ ब्लॉक शिक्षा अधिकारी आत्माराम करेंगे। मुख्य अतिथि विधायक विक्रम सिंह जाखल रहेंगे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नेकीराम पूनियां होंगे। समारोह में सत्र 2024-25 में कक्षा 10 और 12 की माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले नवलगढ़ ब्लॉक के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही उन शिक्षकों का भी सम्मान होगा। जिन्होंने अपने विषय में शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित की है। समारोह में ब्लॉक के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक, प्रधानाचार्य, अभिभावक और स्थानीय व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

जन्मदिवस के उपलक्ष में लगाए 101 पेड़ पौधे

- राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित

राजलदेसर । राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के चूरू जिला अध्यक्ष शिवभगवान सोनी के नेतृत्व में जिला सचिव विनय दाधीच ने नेक पहल करते हुए धर्मपत्नी नम्रता दाधीच के जन्म दिवस पर 101 पेड़ संत निर्भय नाथ की बगीची में लगाने का कार्यक्रम संत रुद्र नाथ, भंवर नाथ के सानिध्य आयोजित किया गया । जिसमें संतों ने कहा पर्यावरण के क्षेत्र में राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के द्वारा जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है वह बहुत ही सराहनीय व नेक पहल है । क्योंकि पेड़ के बिना कुछ भी नहीं है इस अवसर पर उन्होंने कहा नम्रता दाधीच ने अपने जन्म दिवस पर जिस तरह से 101 पेड़ लगाकर पहल की है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवभगवान सोनी ने कहा पूरे भारत भर में राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक रवि चाणक्य एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीनारायण आमेटा के द्वारा जो पर्यावरण के क्षेत्र में बीड़ा उठाया है उसमें राजलदेसर कस्बे को हरा भरा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे ।

जिलेभर में शानदार टीम गठित की गई है जो पर्यावरण के क्षेत्र में शानदार कार्य करके राजस्थान में एक अच्छा संदेश देगी । इस अवसर पर सोनी ने कहा अति शीघ्र ही मंच के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी । जिसमें बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । इस अवसर पर मंच के जिला महामंत्री भजन लाल पारीक, मधु श्रीमाल, जिला उपाध्यक्ष कालूराम तंवर, सचिव रामोतार पाण्डे, मीडिया सह प्रभारी शंकर लाल घेतरवाल , अमित घोड़ेला, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल ,मंत्री मदन दाधीच, श्रवण मेघवाल, सपनाकुमारी, गौतम, प्रकाश, बजरंग भोपा, मनीष , राजू देवी, चूकि देवी, नंदू , बीरू नायक सहित दर्जनों संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रही सभी ने भविष्य में बढ़ चढ़कर पेड़ पौधे लगाने की शपथ ली ।

101 पेड़ संत निर्भय नाथ की बगीची में लगाने का कार्यक्रम हुआ।

पौधारोपण किया, जरूरतमंद को करवाया भोजन

झुंझुनूं। सोमवार को लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रोड नंबर तीन स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप पर लॉयन डॉ. एनएस नरूका के आर्थिक सौजन्य से प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन सुधीर वाजपेयी के जन्म दिवस पर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के अंतर्गत 11 छायादार पौधे लगाए गए। वहीं एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास के आर्थिक सौजन्य से प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन सुधीर वाजपेयी के जन्म दिवस पर अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद में शाम को जरूरतमंद 50 लोगों को निशुल्क भोजन करवाया गया। इस अवसर पर रीजन 18 पुष्य के रीजन चेयरपर्सन लॉयन डॉ. एनएस नरूका, क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, तत्कालीन अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन डॉ. उम्मेदसिंह, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन अशोक सोनी, लॉयन कैलाश सिंघानिया, लॉयन महिपाल सिंह, एमजेएफ लॉयन मनोजसिंह टीकेएन एवं अन्यजन उपस्थित रहे।

अखाराम दादोजी महाराज का जन्मोत्सव 13, 14 अगस्त को

राजलदेसर। मदन दाधीच सिद्ध पीठ परसनेऊ धाम में संत शिरोमणि अखाराम दादोजी महाराज का दो दिवसीय जन्मोत्सव बड़े धूम मनाया जाएगा । मंदिर के पुजारी जगदीश, किशन, श्रवण ने बताया की 13, 14 अगस्त को हनुमान भक्त संत शिरोमणि अखाराम दादोजी महाराज का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें राजस्थान ही नहीं अपितु देश विदेश से लाखों श्रद्धालुगण इस भव्य दरबार में दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेंगे ।

मंदिर के पुजारी जगदीश, किशन ,श्रवण ने बताया कल 13 अगस्त को 28 वां महारुद्राभिषेक प्रात: 9:15 बजे विद्वान पंडितों के सानिध्य में एवं अक्षय भक्त मंडल के संरक्षक रामावतार दायमा के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा । इसके अलावा शाम 5 बजे विशाल भव्य शोभा यात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी जो गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभायात्रा में दादोजी महाराज की भव्य झांकी बैंड बाजा के साथ एवं सुहागिन महिलाएं मंगल कलश धारण करके शोभायात्रा में शामिल होगी। शाम 7:15 बजे मंदिर परिसर में 1100 दीपकों से दादोजी महाराज की महाआरती की जाएगी तथा रात्रि 8 बजे मंदिर परिसर के आगे विशाल जागरण का आयोजन होगा ।

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 19/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री वेनी प्रसाद मंगल रामनाथ मंगल निवासी पुणे नासिक रोड, शीतल बाग बिल्डिंग नम्बर 13/6 भोसरी, भोसारीगांव, पुणे, महाराष्ट्र.411039 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्रीश्याम मिलन चैरिटेबल ट्रस्ट रघुनाथपुरा, खाटूश्याम जी, सीकर के न्यासियों में हुए परिवर्तन व न्यास विधान में हुए परिवर्तन को दर्ज अभिलेख किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 29.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 03.09.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)
क्रमांक : न.पा./रतननगर/ भूमि शाखा/2025-26/1269 दिनांक : 08.08.2025
सार्वजनिक विज्ञप्ति (आपत्ति आमन्त्रण-पत्र)
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न लिखित आवेदकगण द्वारा निम्नांकित विवरण-पत्र में अपने नाम के सम्मुख अंकित कार्यो की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय को अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है, अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/हितधारक को कोई आपत्ति हो तो उक्त सार्वजनिक विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर उपर्युक्त साक्ष्य सहित अपनी लिखित आपत्ति निम्न अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण संबंधित आवेदकगण के पक्ष में कर दिया जावेगा :-

क्र. सं.	पत्रावली क्रमांक	नाम आवेदक/आवेदिका	आवेदित भूमि की अवस्थिति	भूखण्ड का क्षेत्रफल	खसरा नं.	प्लाट संख्या	अपेक्षित स्वीकृति
1	2	3	4	5	6	7	8
1		श्री भगवाना राम/महावीर प्रसाद	वार्ड नं. 03, रतननगर	720 वर्ग गज	–	–	नामान्तरण

राज.संवाद/सी/25/7942 अधिशाषी अधिकारी

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
IDFC FIRST Bank

परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]
कब्जा नोटिस
(अचल सम्पत्ति का)

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 31.07.2024 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. कमल कुमार जांगिड, 2. सायर भागीरथ, 3. भागीरथ जांगिड को जारी किया गया था, जिसमें 30.07.2024 की तिथी को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशि रूपये 15,90,432.77/- (रूपये पन्द्रह लाख नब्बे हजार चार सौ बत्तीस और पैसे सतहत्तर मात्र) का भुगतान उपयुक्त नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।
चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज अगस्त 2025 के 7वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।
विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राश